
**ब्रीफ खबरें**

## शहर में सात घंटे गुल रहेगी बिजली



**धनबाद।** शहर में बुधवार को सात घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी. कार्यपालक अभियंता शिवेंद्र कुमार ने बताया कि मुहर्रम के मद्देनजर तीन बजे से रात दस बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी. मुहर्रम के दौरान किसी प्रकार की कोई अनहोनी न हो इसलिए एतिहातन बिजली आपूर्ति बाधित रखी जायेगी. इससे प्रभावित क्षेत्र हीरापुर, धैया, स्टील गेट, धनसार, बैंक मोड़, पुराना बाजार, नया बाजार, मनईटांड़, वासेपुर, भूली, नावाडीह, पॉलीटेक्निक, करकेंद एवं पुटकी होंगे.

## नियोजनालय में लगा रोजगार मेला

**चिरकुंडा।** सरसपहाड़ी स्थित कुमारधुबी नियोजनालय में स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देने के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 6 कंपनियों ने भाग लिया. कुल 150 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिए थे, जिसमें 15 अभ्यर्थी चयनित हुए. वहीं 25 आवेदनों को शॉर्ट लिस्टेड किया गया. यह जानकारी नियोजनालय पदाधिकारी विनोद कुमार ने दी. मौके पर अमित कुमार, सोनी विलियम, मून विलियम समेत नियोजनलाय के अन्य कर्मी उपस्थित थे.

## घर बनाने का विरोध करने पर वृद्धा का तोड़ा हाथ

**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के विराज भंडरापुर निवासी 60 वर्षीया वृद्धा सुभद्रा गोराई की जमीन पर भारत गोराई एवं उसके परिजन जबरन घर निर्माण करा रहे थे. सुभद्रा गोराई ने विरोध किया तो भारत गोराई, कल्याणी गोराई एवं गौतम गोराई ने लाठी, डंडे एवं रड से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया. पीड़िता ने मामले की शिकायत निरसा थाना में दर्ज कराई है. पुलिस वृद्धा का सीएचसी में इलाज कराकर मामले की छानबीन कर रही है.

## बाइक पलटने से तीन युवक घायल

**निरसा।** कुमारधुबी रेलवे ओवरब्रिज पर एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसपर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को एसएनएमएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया गया. घायल एक युवक ने बताया कि ओवरब्रिज के किनारे जमे बालू के कारण बाइक पलट गई, जिस कारण हम तीनों घायल हो गए.

## मुहर्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में मुहर्रम शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च किया. इस दौरान लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में महुर्रम मनाने की अपील की गयी. फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने किया.

**आतंक पर चोट :** एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी की पत्नी जया पर भी है 25 लाख का इनाम

# नक्सल महिला विंग की चीफ जया से राज उगलवा रही पुलिस

1. टुंडी निवासी दोनों नक्सलियों ने दो दशक पूर्व छोड़ दिया था इलाका, खोज में जुटी थी कई एजेंसियां
2. कैंसर का इलाज कराने पहुंची थी धनबाद, डीजीपी को मिली गुप्त सूचना पर धनबाद पुलिस ने दबोचा
3. जया के साथ तीन अन्य भी गिरफ्तार, सभी से हो रही पूछताछ, जया नक्सल गतिविधि में संलिप्तता से कर रही इंकार

संवाददाता। धनबाद

धनबाद के अस्पताल में इलाज के दौरान पकड़ी गई एक करोड़ के इनामी नक्सली प्रयाग मांझी की पत्नी जया से पुलिस टीम पूछताछ कर रही है. जया से पुलिस प्रयाग का ठिकाना जानना चाह रही है. हालांकि अभी तक पुलिस को इस मामले में कोई सफलता हाथ नहीं लगी है. पुलिस के मुताबिक प्रयाग ने जहां चार दशकों से नक्सल गतिविधि में संलिप्त है तो जया ने भी ढाई दशक नक्सली के तौर गुजारे हैं. जया महिला विंग की चीफ रही है. टुंडी से बीस साल पहले शीला की गिरफ्तारी के बाद जया को चीफ बनाए जाने की बात कही जा रही है. अभी पुलिस अभिरक्षा में ही जया का किसी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है. जया के खिलाफ धनबाद में मुकदमा नहीं है. प्रयाग और जया गिरिडीह समेत दूसरे जिले और राज्यों में ही नक्सली गतिविधि को अंजाम देते थे. जया से गिरिडीह के साथ साथ एनआईए और एटीएस की टीम भी पूछताछ कर रही है. इनामी भाकपा माओवादी के केंद्रीय सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक उर्फ फुचना उर्फ नागो मांझी उर्फ करण दा उर्फ लेतरा की पत्नी जया पर भी 25 लाख का इनाम है.



### प्रयाग-जया पर चार दर्जन से अधिक मुकदमे

जया तीन दिन पहले धनबाद थाना क्षेत्र के नावाडीह स्थित असर्फी हॉस्पिटल में कैंसर का इलाज कराने पहुंची थी. जया के अलावा दो महिला और एक पुरुष भी उसके साथ थे. इनको भी दबोचा गया है. प्रयाग मांझी को झारखंड के साथ-साथ बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़, एमपी की पुलिस वर्षों से ढूंढ़ रही है. एटीएस और एनआईए की टीम भी प्रयाग और उसकी पत्नी जया को खोज रही थी. गिरिडीह पुलिस प्रयाग और जया के घर की कई बार कुर्की जब्ती कर चुकी है. दोनों बीस पहले ही टुंडी छोड़ चुके थे.

### पारसनाथ से छत्तीसगढ़ तक था दबदबा

2021 को पोलित ब्यूरो सदस्य प्रशांत बोस और उसकी पत्नी की गिरफ्तारी के बाद झारखंड में प्रयाग मांझी ने मिसिर बेसरा और अनल दा के साथ मिलकर संगठन को धार दी थी. पारसनाथ पहाड़ से लेकर बिहार, बंगाल और छत्तीसगढ़ तक नक्सली वारदात में प्रयाग मांझी सक्रिय था. प्रयाग के दस्ते ने ही पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकरा में मनोहरपुर के पूर्व भाजपा विधायक गुरुचरण नायक पर हमला कर उनके बॉडीगार्ड से तीन एके-47 लूट लिया था. जया अभी तक प्रयाग के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दी है. कह रही है कि वह कई सालों से प्रयाग से नहीं मिली है और ना ही उसके बारे में जानकारी है. खुद पति को 20 सालों से खोज रही है. प्रयाग की पत्नी होने के कारण पुलिस उसे परेशान कर रही है. उसका नक्सली गतिविधि से कोई लेना देना कभी नहीं रहा है.

## टीसी निर्गत कराने का डीसी ने दिया निर्देश

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों को सुना. जनता दरबार में कोलकुसमा से आई एक छात्रा ने राजकीय उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा ट्रांसफर सर्टिफिकेट निर्गत नहीं करने की शिकायत की. इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को फोन पर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया. एग्यारकुंड से आए एक छात्रा ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने इकोनॉमिकली विकर सेक्शन (ई.डब्ल्यू.एस.) प्रमाण पत्र जारी करने के लिए चार माह से एगारकुंड अंचल कार्यालय में आवेदन दिया है. जबकि उसके दाखिले की अंतिम तिथि 24 जुलाई है. उन्होंने उपायुक्त से प्रमाण पत्र निर्गत कराने का अनुरोध किया.

# वेदांता का क्यूआईपी लांच

# 8 हजार करोड़ जुटाने की संभावना

### 461.26 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर क्यूआईपी के लांच को मंजूरी

**खास बातें**

- वेदांता के शेयर 2 .2 प्रतिशत बढ़कर हुए बंद
- 6 वर्ष से स्टील क्षेत्र में संघर्ष कर रही कंपनी

रजत नाथ बोकारो



वेदांता को इलेक्ट्रोस्टील से ईएसएल अधिग्रहण किए छह साल हो गए. जुलाई 2018 में वेदांता ने इलेक्ट्रोस्टील अधिग्रहण के लिए 5,320 करोड़ रुपये का भुगतान किया था. इस अधिग्रहण से वेदांता का भारत में इस्पात निर्माण में प्रवेश हो गया है. इलेक्ट्रोस्टील की बोकारो, झारखंड में इस्पात निर्माण क्षमता 1.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) है लेकिन छह वर्ष बीत जाने के बाद भी वेदांता ईएसएल को मार्केट में लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. आय का उपयोग ऋण, कुछ पूंजीगत व्यय दायित्वों को कम करने की मंशा से वेदांता ने सोमवार को अपना धन उगाहने वाला कार्यक्रम व संस्थागत प्लेसमेंट, क्यूआईपी लांच किया है. एक एक्सचेंज फाइलिंग में, धातु-से-तेल समूह ने घोषणा की कि उसकी धन उगाहने वाली समिति ने 461.26 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर क्यूआईपी के लांच को मंजूरी दी है. सोमवार को वेदांता का शेयर 2.2 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ.

कंपनी को आशा है कि इससे आठ हजार करोड़ जुटाए जा सकते हैं. कंपनी ने यह भी कहा कि वह इश्यू के लिए फ्लोर प्राइस पर 5 प्रतिशत से अधिक की छूट नहीं दे सकती है. सूत्रों के मुताबिक, क्यूआईपी का लक्ष्य 5,000 करोड़ रुपये जुटाने का है, जिसमें ओवरसब्सक्रिप्शन की स्थिति में अतिरिक्त 3,000 करोड़ रुपये जुटाने का विकल्प भी शामिल है. इस रकम का इस्तेमाल कर्ज कम करने और कुछ पूंजीगत व्यय दायित्वों को पूरा करने के लिए किया जाएगा. वेदांता वर्तमान में कई विकास परियोजनाओं के बीच में है और लगभग 8 बिलियन डॉलर के दीर्घकालिक पूंजीगत व्यय पर है. मौजूदा पैमाने पर इसका पूंजीगत व्यय लक्ष्य 1.9 अरब डॉलर होने की संभावना है, जो पिछले साल खर्च किए गए 1.4 अरब डॉलर से एक तिहाई से अधिक है.

## आईसीएआई ने किया 24 नए सीए को सम्मानित

**धनबाद।** आईसीएआई धनबाद शाखा ने नव निर्वाचित 24 सीए छात्रों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया. समारोह में चेयरमैन सीए राहुल सुरेका, सचिव शशांक शेखर जायसवाल, वाइस चेयरमैन सीए शुभम खंडेलवाल, सीआईसीएसए अध्यक्ष सीए सौरव अग्रवाल मौजूद थे. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्रगान और आईसीएआई आदर्श वाक्य गीत के साथ हुई. इस अवसर पर धनबाद शाखा की ओर से कुल 24 नव निर्वाचित सीए छात्रों को सम्मानित किया गया. समारोह में छात्र और उनके परिवार के सदस्य मौजूद थे. सीए राहुल सुरेका ने कहा कि वेतन केवल प्रयासों पर निर्भर नहीं करता है, बल्कि ज्ञान और आत्मविश्वास भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. धनबाद में जिन नए सीए को सम्मानित किया गया, उनमें गौरव अग्रवाल, प्रथम कुमार गोयल, समरजीत सिंह कालरा, प्रियांशु अग्रवाल, साक्षी कुमारी, अभिषेक कुमार, अमित कुमार पाल, दिलप्रीत सिंह, गौरव अग्रवाल, ऋतिक खंडेलवाल, कृष्णा बंसल,मौसम खरकिया, सिल्की कुमारी मित्तल, विनय हरितवाल, विशाल गुप्ता, हर्षित गुप्ता, रिया साव, दिव्या गुप्ता, सुमित कुमार अग्रवाल, हर्ष केशरी, शिवम अग्रवाल, उत्सव मित्तल, उत्तम अग्रवाल एवं मेघा जालुका शामिल हैं.

# जेल में मरने वाले शूटर अमन सिंह को मुआवजा की कवायद

**खास बातें**

- उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक
- राशि भुगतान के लिए कई जांच रिपोर्ट की समीक्षा

संवाददाता। धनबाद

धनबाद : यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह को धनबाद जिला प्रशासन की तरफ से उनके आश्रित को मुआवजा राशि दिलवाने की कवायद शुरू की गई है. इसके लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें झारखंड राज्य अंतर्गत जेल में कैदियों की अप्राकृतिक मौत के बाद मिलने वाली अनुदान राशि भुगतान नीति-2023 के प्रावधान में राशि देने पर चर्चा हुई.

बैठक में बंदी अमन सिंह की जेल में मृत्यु के उपरांत अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मजिस्ट्रेट जांच रिपोर्ट, न्यायायिक जांच रिपोर्ट एवं जेल सुपरिंटेंडेंट पर हुई कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट समेत विभिन्न प्रकार की जांच से संबंधित रिपोर्ट की समीक्षा की गई. इस दौरान उपायुक्त ने अनुग्रह अनुदान राशि भुगतान से संबंधित कई आवश्यक



अमन सिंह ( फाइल फ़ोटो )

दिशा निदेश दिए. मौके पर सिटी एसपी अजित कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीएसपी लॉ एंड आर्डर दीपक कुमार, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन समेत जेल के अधिकारी मौजूद थे. मुआवजा की राशि कितनी होगी, फिलहाल इस विषय पर कोई बात नहीं हुई. बताते चलें कि 3 दिसंबर 2023 को अमन सिंह की धनबाद जेल में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. अमन सिंह जेल के अस्पताल वार्ड में था, उसी वक्त यूपी के शूटर ने इस वारदात को अंजाम दिया था.

## नौकरी के नाम फर्जीवाड़ा करने वालों को बंधक बनाकर पीटा

संवाददाता। पुटकी

पीबी प्रोजेक्ट में नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने के मामले को लेकर अरलगोड़ा बस्ती में दो युवकों को बंधक बनाकर जमकर मारपीट की गई. खबर पाकर पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों युवकों को बचा लिया है. दोनों के खिलाफ बस्ती के युवकों ने लिखित शिकायत की है. दोनों युवकों से पुलिस पूछताछ कर रही है. बस्ती के युवकों ने बताया कि महाराष्ट्र की एक कंपनी को यहां 25 सालों तक उत्पादन करने का काम मिला है. इस काम को लेकर स्थानीय युवकों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, लेकिन कुछ युवक इसमें काम दिलाने के नाम पर युवकों के साथ छल-कपट कर रहे हैं. दो युवक कार से आए थे और पीबी एरिया प्रोजेक्ट के गेट पर बैठे थे. गांव के युवकों ने उन्हें पकड़ लिया और बस्ती ले जाकर पिटाई करने लगे. गांव का ही एक इंटक नेता बबलू मोदक भी इनकी तरफ था, इस कारण उसके घर पर भी युवकों ने हंगामा कर दिया. बाद में सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को बचाकर ले आई. इनमें स्टीलगेट का रहने वाला तुषार दास और रांची खेलारी का रहने वाला पवन था. दोनों के पास से पुलिस ने कई बायो-डाटा भी बरामद किया है. जिसमें कई राज्यों के युवाओं की जानकारी थी. इनके खिलाफ अरलगोड़ा के विजय और दीपक ने लिखित शिकायत की है. उक्त युवकों के पास से एक भी पुलिस ने बरामद किया है.

## सेविका प्रतिनिधिमंडल ने सीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

**महुदा।** झारखंड राज्य समाज कल्याण आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ से जुड़े बाघमारा प्रखंड की सेविका व सहायिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न मांगों को लेकर बाघमारा सीडीपीओ विमला कुमारी को ज्ञापन सौंपा. संघ के बाघमारा अध्यक्ष पार्वती देवी के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में आंगनबाड़ी केंद्र में दी जानेवाली पोषाहार राशि का चार महीने से भुगतान नहीं किये जाने, सेविका व सहायिकाओं का मानदेय समय से नहीं दिए जाने समेत अन्य मांगें शामिल हैं. सीडीपीओ ने प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया. मौके पर नमिता राय, शशिकला देवी समेत दर्जनों की संख्या में सेविका व सहायिका मौजूद थी.

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

### अहमदाबाद गया था कमाने, घर लौटते समय हादसा

संवाददाता। महुदा



महुदा थाना के लोहापट्टी पंचायत अंतर्गत आमटांड़ निवासी सुमित कुमार तुरी (20) की मौत बिहार के कुदरा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर हो गई. उसके पिता का नाम खाडु तुरी है. मंगलवार की सुबह उसका शव गांव पहुंचने पर परिजन चित्कार मारकर रोने लगे. मृतक के चचेरे भाई सुनील कुमार तुरी ने बताया कि सुमित मजदूरी करने गुजरात के अहमदाबाद गया था. कुछ दिन पूर्व कार्य के दौरान उसके पैर में चोट लग गयी, जिस वजह से वह अपने गांव लौट रहा था. सोमवार की सुबह करीब 8 बजे कुदरा पुलिस ने ट्रेन से गिरकर उसकी मौत की सूचना परिजनों को दी. वह ट्रेन के जनरल डिब्बे में सवार होकर गुजरात से लौट रहा था. ट्रेन में अधिक भीड़ की वजह से वह दरवाजे के समीप बैठा था. रविवार की देर रात वह कुदरा स्टेशन के समीप चलती ट्रेन से गिर पड़ा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी. पुलिस की सूचना पर परिजन कुदरा थाना पहुंचे. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. उसके बाद परिजन एंबुलेंस से शव को लेकर गांव आए. जमुनियां नदी के तट पर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया. मृतक अपने पिता का एकलौता पुत्र था. उसके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है. इस वजह से वह नौकरी की तलाश में अहमदाबाद गया था. समाजसेवी प्रदीप कुमार महतो ने अपना एम्बुलेंस शव लाने के लिए दिया. मुखिया प्रतिनिधि सह शिक्षक संघ बाघमारा अंचल के सचिव रामेश्वर महतो, विद्या सागर महतो समेत ग्रामीणों ने मृतक के घर जाकर उसके शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दिया.

## एसएसपी ने निकाला फ्लैग मार्च



**धनबाद :** धनबाद में मंगलवार की रात मुहर्रम को लेकर पुलिस की तैनाती रही. इस दौरान एसएसपी ने फ्लैग मार्च निकाला. इधर जिला पुलिस की तरफ से भी पूरी तरह चौकसी बरती गई. एसएसपी ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला. साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

**हादसा** फुलारीटांड़ के ठेका कर्मी की करंट लगने से मधुपुर में हो गई थी मौत

# शव लेकर पहुंचे चालक को बनाया बंधक

- शव लेकर पहुंचे दो अन्य कर्मियों को भी बनाया बंधक, नहीं पहुंचे कंपनी के लोग

संवाददाता। मधुबन



रमेश सिंह (फाइल फोटो)



मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड निवासी 48 वर्षीय रमेश सिंह नामक व्यक्ति की मंगलवार को मधुपुर पावर स्टेशन में कार्य के दौरान विद्युत स्पर्शाघात से मौत हो गयी. रमेश 15 दिन पूव ही किसी ट्रांसपेड नामक निजी कंपनी में ठेका मजदूर में काम करने के लिये गया था. इधर रमेश का शव लेकर फुलारीटांड पहुंचे एम्बुलेंस सहित चालक मो0 आजाद तथा दो अन्य ठेका कर्मी नरेश महतो और गणेश महतो को स्थानीय लोगों ने बंधक बना लिया. ग्रामीण इन लोगों द्वारा घटना को लेकर दिए जा रहे अलग अलग बयान से आक्रोशित थे. स्थानीय ग्रामीण कंपनी के मालिक को मौके पर बुलाने तथा मुआवजे की मांग पर अड़े हुए थे. सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय मधुबन पुलिस ने दूरभाष पर ठेका कंपनी के लोगों से बातचीत की. साथ ही मधुबन आने की बात कही. ठेका कम्पनी के लोगों द्वारा तीन-चार घंटे में फुलारीटांड पहुंचने की बात कही गई. हालांकि देर रात तक वे लोग नहीं पहुंचे.

बताया जा रहा है कि दिन के ग्यारह बजे के बाद मधुपुर स्थित विद्युत पावर स्टेशन में कार्य के दौरान मृतक रमेश विद्युत के संपर्क में आ गया था. अन्य कर्मियों द्वारा उसे मूर्छित अवस्था में सदर अस्पताल देवघर ले जाया गया,ज हां चिकित्सकों ने जांच के बाद बेहतर इलाज के लिये किसी बड़े अस्पताल ले जाने की बात कही. ठेका कर्मियों की मानें तो रमेश को देवघर से इलाज के लिये बोकारो ले जाया जा रहा था, इसी क्रम में रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई.बाद में उसके शव को एम्बुलेंस से मृतक का पैतृक आवास फुलारीटांड लाया गया.

# पशुधन योजना के 46 प्रस्ताव स्वीकृत

### 25% अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों का बीडीओ करेंगे सर्वे

संवाददाता। धनबाद



उपविकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के क्रियान्वयन, कब्रिस्तान के संरक्षण एवं विकास के लिए स्थल चयन, कल्याण विभाग द्वारा नए छात्रावास निर्माण के लिए प्राप्त प्रस्ताव तथा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की गई. इस संबंध में उपविकास आयुक्त ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 46 प्रस्ताव प्राप्त हुए है. बैठक में शत प्रतिशत प्रस्ताव स्वीकृत किए गए. इसमें बकरी पालन के 28, सुकर पालन के 11, बत्तख चूजा पालन के 3, बैकयार्ड लेयर कुक्कुट पालन एवं बॉयलर कुक्कुट पालन के दो-दो प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई.

डीडीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त प्रस्ताव को पारित करने के लिए भी बैठक की गई. जिसमें वैसे सभी स्थान जहां 25% अल्पसंख्यक आबादी है और जहां पिछड़ापन देश के औसत मानक से कम है, का सर्वप्रथम प्रखंड विकास पदाधिकारी से सर्वे कराने का निर्णय लिया गया. नए छात्रावास निर्माण को लेकर टुंडी, बाघमारा व तोपचांची से प्रस्ताव प्राप्त हुए. जिसमें तोपचांची के मान्यता प्राप्त उम्मे सलमा उर्दू बालिका उच्च विद्यालय के प्रस्ताव को विभाग से दिशा निर्देश मांगने के लिए भेजा गया है. इसके साथ ही कब्रिस्तान घेराबंदी के लिए 19 अभिलेख प्राप्त हुए. लेकिन सदस्यों ने कहा कि अन्य प्रस्ताव भी अंचल कार्यालय एवं भवन प्रमंडल में लंबित है. उन सभी प्रस्ताव के प्राप्त होने के बाद अगली बैठक में इस पर निर्णय लिया जाए. बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, पशुपालन पदाधिकारी के अलावा विधायक के प्रतिनिधि, जिला परिषद के सदस्य, अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### लापता बच्चा ढाई महीने बाद धनबाद से बरामद

**सरिया (गिरिडीह)।** सरिया के मंदरामो से खेलते समय चंदन कुमार दास पिछले 29 अप्रैल को लापता हो गया था. लापता चंदन की बरामदगी धनबाद जिले से की गई. जिसमें सरिया प्रशासन की अहम भूमिका रही. चंदन के लापता होने के बाद परिजनों द्वारा बहुत खोजबिन किया गया था, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया. थक हार कर परिजनों ने आवेदन के माध्यम से सरिया पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही सरिया पुलिस बच्चे की पड़ताल शुरू कर दी. सरिया एसडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि चंदन को धनबाद जिले से बरामद किया गया, लेकिन बच्चा धनबाद कैसे पहुंचा इसकी पड़ताल चल रही है.

### राष्ट्रीय कामगार यूनियन संघ का धरना

**लोयाबाद।** सेन्द्रा-बांसजोड़ा कोलियरी कार्यालय के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कामगार यूनियन संघ के बैनर तले स्थानीय लोगों ने डेको आउटसोर्सिंग में नियोजन सहित सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया. इस दौरान लोगों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. संघ के शाखा अध्यक्ष सुखदेव प्रमाणिक ने बताया कि मांगों को लेकर 29 जून को कंपनी प्रबंधन तथा जिला प्रशासन को 7 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था. बावजूद इसके कंपनी प्रबंधन मांगें नहीं मान रही है. धरना पर बैठे संघ के सिजुआ एरिया सचिव सुरेंद्र चौहान ने कहा कि डेको प्रबंधन समय रहते हमारी मांगें मान ले, नहीं तो बाध्य होकर संघ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा. मौके पर लक्ष्मण पासवान, सुखदेव प्रमाणिक, सुरेंद्र चौहान, सियाराम सिंह, रामाशीष चौहान, गणेश प्रमाणिक, गणेश कुमार, अमन कुमार, बंटी गुप्ता, अरुण शर्मा, राजू भुईयां, प्रकाश साव, राजकुमार साव, राहुल चौहान आदि मौजूद थे.

### शिशु मंदिर में सांस्कृतिक महाज्ञान पखवाड़ा आरंभ

**तेतुलमारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण मे मंगलवार को संस्कृति महाज्ञान पखवाड़ा की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर पूर्व प्राचार्य चित्तरंजन कुमार सिंह ने किया. इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि हमारे देश की सभ्यता-संस्कृति सबसे पुरानी है. इसी देश से सभ्यता और संस्कृति का विकास पूरे विश्व में हुआ है. आज भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का ह्रास होता जा रहा है और पश्चिमी सभ्यता हमारे देश में हावी हो रहा है. इससे बचने के लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है. इस पखवाड़ा को सफल बनाने में प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग जरुरी है.

### राशन दुकान में 5 हजार रुपये नकद की चोरी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना के झरियापाड़ा स्थित काशी साव के राशन दुकान में चोरों ने सोमवार की रात 5 हजार रुपये नगद चुरा लिए. भुक्तभोगी काशी साव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत की है. उन्होंने बताया कि रात 9.30 बजे वे दुकान बंदकर घर चले गए. मंगलवार की सुबह 6.30 बजे उनका पुत्र प्रीतम साव दुकान खोलकर अंदर गया तो सामानों को बिखड़ा देखा. तत्काल वह समझ गया कि दुकान में चोरी हुई है. दुकान का छत खपरैल का है. चोर छत को तोड़कर दुकान में दाखिल हुए थे. गल्ले से 5 हजार रुपया गायब था.

# लापरवाही के गड्ढों में बेशर्मी का पानी



### बैंकमोड़ ओवरब्रिज में गड्ढों की भरमार, बाइक चालकों के लिए जानलेवा

संवाददाता । धनबाद

बरसात के दिन आ गए हैं. कोल राजधानी की सड़कों पर चलने वालों की हालत पतली हो रही है. बाइक-टोटो और छोटे वाहनों के लिए सड़क पर बने गड्ढे खतरनाक साबित हो रहे हैं. जरा सी लापरवाही हुई और फिर अस्पताल तक की दौड़ लगनी तय है. शहर के सबसे महत्वपूर्ण और धनबाद की लाइफ लाइन माने जाने वाले बैंकमोड़ ओवरब्रिज जैसी सड़क पर यदि साल भर से गड्ढे हों तो फिर विभागीय उदासीनता का आलम समझा जा सकता है. इन गड्ढों में यदि पानी भर जाए तो फिर ये गडढ़े बाइक सवारों के लिए आफत से कम नहीं है. ओवरब्रिज की दोनों तरफ सड़क पर गड्ढे बन गए हैं. करीब दस फीट तक के गड्ढे हैं और कई जगहों पर हैं. इस गड्ढों के कारण सड़क जाम की समस्या भी और बड़ी हो जा रही है. हालांकि फिलहाल ओवरब्रिज की रिपेयरिंग का काम चल रहा है, लेकिन इन गड्ढों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है.



यह धैया मंडल बस्ती जाने वाली सड़क है जो पिछले तीन सालों से हर बरसात में तालाब बन जाती हैं. आखिर इसकी किस्मत कब बदलेगी... **कौन बताएगा**

## रोज गुजरते हैं सीओ, फिर भी 5 साल से जर्जर

### टोटो-बाइक अक्सर होते हैं दुर्घटनाग्रस्त

**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक स्थित बिनोद मार्केट जाने वाली सड़क पर जगह-जगह दर्जनों गड्ढे हैं, जिससे आवागमन में विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है. स्थानीय लोगों द्वारा कई बार इसकी लिखित शिकायत विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को दी गई पर आज भी सड़क की हालात जस की तस है. इस मार्ग से लगभग हर दिन अंचलाधिकारी का वाहन गुजरता है. विधायक-सांसद भी अक्सर गुजरते हैं, बावजूद इसके पांच सालों से भी अधिक समय से इस मार्ग का जर्जर होना स्थानीय आबादी को मायूस करता है.

स्थानीय दुकानदार गिरानी दास ने कहा कि इस सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे नए नहीं हैं . पिछले पांच वर्षों से इस सड़क की हालात जर्जर है .जबकि इस सड़क से धनबाद अंचल के सीओ सहित जिला प्रशासन के कई अधिकारी व नेताओं का आवागमन होता है . बावजूद इसके आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हुई . सड़क के मोड़ पर तो हालात ऐसी है कि कई बार टोटो, स्कूटी ,बाइक और रिक्शा पर सवार लोग हादसे का शिकार हुए हैं . इसके बाद भी संबंधित अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया . उक्त स्थल पर हो रहे हादसे को देखते हुए डॉक्टर दास द्वारा पुरानी ईंट टुकड़ा गिरा कर गड्ढे की भराई की गई . जिसके बाद से लोगों को आवागमन में थोड़ी राहत मिल रही



है . कुछ दिनों के बाद इस फौरी कार्रवाई का असा खत्म हो जाएगा और फिर लोग दुर्घटना का शिकार होना शुरू हो जाएंगे . दुकानदार राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में सड़क की मरम्मत नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है . अधिकारियों की इस लापरवाही के कारण कभी भी कोई बड़ी हादसा हो सकती है .क्योंकि लगातार बारिश होने से सड़क पर बना गड्ढा पानी से लबालब हो जाता है .फिर नए राहगीर को समझपाना काफी मुश्किल हो जाता है कि गड्ढा कहां है . विभागीय अधिकारियों को बारिश से पहले सड़क पर बने गड्ढे की मरम्मत करनी चाहिए .

## विशुनपुर की सड़क हो गई बदतर

**खास बातें**

- दो साल के बाद भी नहीं बन पाया बिशुन पुर जोरिया का पुल
- सिकलाइन व लक्ष्मीपुर गांव के समीप सड़क की नारकीय स्थिति

रेल नगरी गोमो से भेंडरा, व हरिहरपुर, कोरकोट्टा को जोड़ने वाली मुख सड़क पिछले कई वर्षो से बदहाली का शिकार है. अभी पूरी बरसात भी नहीं हुई है लेकिन सड़क बड़े-बड़े गड्ढों और तालाब में तब्दील हो चुकी है. बिशुनपुर पंचायत के सिकलाइन व लक्ष्मीपुर गांव के समीप सड़क की नारकीय स्थिति से ग्रामीणों का चलना मुसीबातों भरा हो गया है. सड़क के गड्ढे वर्षा का पानी भर जा रहा है. राहगिरों ,वाहन चालकों के लिए ये खतरनाक हो सकता है. लोगों को भारी दिक्कतों से गुजरना पड़ा रहा है.रात के अंधेरे में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. स्थानीय ग्रामीण समाजसेवी राम चन्दर महतो, इसराईल अंसारी, अधिवक्ता शंकर हेम्ब्रम ने कहा कि सड़क की बदतर स्थित से हम सब ग्रामीण परेशान हैं. सरकार के मुलजिम व जन प्रतिनिधि कोई सुनने व देखने वाला नहीं है. विधायक योजना का शिलान्यास करने तक ही सीमित रहते हैं कार्य की गुणवत्ता देखना उचित नहीं समझते हैं.दो वर्ष बीत गए परन्तु बिशुन पुर जोरिया का पुल अब तक नहीं बना. लोगों को जोरिया के कीचड़ से गुजर कर आवागमन करना पड़ रहा है. इलाके की सड़कों की स्थिति बदतर है. यात्री वाहन परिचालन बंद हो गया है. वाहन चालक इस क्षेत्र में आने से कतराते हैं.ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं.



इनपुट : रनजीत सिंह, आफताब आलम, सतीश गोस्वामी

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण

संवाददाता । महुदा

मतदाता सूची संक्षिप्त द्वितीय पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ डोर-टू-डोर सर्वे कर रहे हैं. मंगलवार को 043 के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बाघमारा डॉक्टर सुषमा आनन्द ने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर के कार्यो का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, स्थानांतरित और मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने समेत अशुद्ध



नाम, पता, जन्मतिथि और फोटो में सुधार करने को लेकर बूथ संख्या-138-139 तथा छत्रुटांड़ पंचायत के बूथ संख्या-176 व 178 के बीएलओ एवं सुपरवाईजर के कार्यों का निरीक्षण किया. मौके पर उन्होंने कहा कि हाउस टू हाउस बीएलओ सर्वेक्षण कर रहे हैं. फॉर्म-6 में नये मतदाताओं का नाम जोड़ा जा रहा है. फॉर्म-7 में मृत व्यक्ति या स्थानांतरित मतदाता का नाम हटाया जा रहा है. फॉर्म-8 में नाम, पता और फोटो में सुधार किया जा रहा है. निरीक्षण के दौरान बाघमारा प्रखण्ड के निर्वाचन कार्य प्रभारी रंजीत प्रसाद, बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, बीएलओ आशा देवी, सुनीता देवी, नीलम प्रभा, श्वेता दसौंधी, अमर कुमार पासवान, माखन सिंह, बिरजू रवानी,पल्टू रवानी, कपूर रवानी आदि मौजूद थे.

### एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के समक्ष एनसीपी का धरना

**मैथन।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को विभिन्न योजनाओं में धांधली करने सहित अन्य मांगों को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया. धरना का नेतृत्व जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने किया. मौके पर गोस्वामी ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में भष्ट्राचार एवं धांधली चरम पर है. यहां अबुआ आवास, अम्बेडकर आवास, पीएम आवास सहित अन्य सभी योजनाओं में धांधली किया गया है, यदि निष्पक्ष जांच हो जाए तो बीडीओ सहित कई पदाधिकारी जेल की हवा खाएंगे. उन्होंने कहा कि पिछले 24 जुलाई 2023 में पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष विक्की बाउरी द्वारा जनसमस्याओं से संबंधित 11 सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया था, उस समय बीडीओ द्वारा आश्वस्त किया गया था कि 15 दिन के अंदर मांगों पर कार्रवाई की जाएगी, लेकिन आजतक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की. गोस्वामी ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक माह के अंदर मांगें पूरी नहीं की गई तो पार्टी प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी.

### राकांपा ने मांगों को लेकर दिया धरना

**निरसा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के बैनर तले ग्रामीणों ने एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष विक्की बाउरी की अध्यक्षता में 11 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान पार्टी के एक प्रितिनिधिमंडल ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा. बीडीओ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वार्ता कर सनस्याओं का समाधान किया जाएगा.

साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में ऑनलाइन दाखिल खारिज संबंधित विभाग को अवगत करा दिया जाएगा.धरना प्रदर्शन के दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने प्रखंड व अंचल अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिनों के अंदर मांगों पर विचार नहीं होने से आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि निरसा विधानसभा के तीनों प्रखंडों में लूट एवं भ्रष्टाचार चरम पर है. सारे अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं. इसके विरुद्ध पार्टी चरणबाद तरीके से आंदोलन करेगी.

## मुहर्रम की नवमी को अखाड़ों का हैरतअंगेज करतब



**खास बातें**

- एसएसपी ने शहर में निकाला फ्लैग मार्च
- रात भर खिलाड़ियों ने दिखाए खेल

संवाददाता । धनबाद

धनबाद में मंगलवार की रात मुहर्रम की नवमी का अखाड़ा निकाला गया. वासेपुर, झरिया, डिगवाडीह, गोविंदपुर, कतरास, निरसा, महुदा आदि इलाकों में अखाड़ा दलों ने सड़क पर उतर कर हैरतअंगेज खेल करतब दिखाए. इस दौरान विभिन्न अखाड़ों ताजिया आदि भी थे. इधर जिला पुलिस की तरफ से भी पूरी तरह चौकसी बरती गई. एसएसपी ने शहर में फ्लैग मार्च निकाला. साथ ही सभी संवेदनशील स्थानों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

## लापरवाही हाल तोपचांची प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय साहोबहियार का

# कभी बोर्ड तो कभी जर्जर छत को देखते हैं...

**खास बातें**

- कमजोर इमारत में कैसे मजबूत होगी शिक्षा की नींव

अक्षय चौबे । तोपचांची

एक ओर जहां स्कूली शिक्षा की मजबूती को लेकर बड़ी-बड़ी बातें और घोषणाएं की जाती हैं. शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस स्कूल खोले गये हैं. दूसरी ओर धनबाद जिला के तोपचांची प्रखंड में एक ऐसा प्राथमिक विद्यालय है, जहां आज भी बच्चे जर्जर भवन के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं. स्थिति ऐसी विकट है कि भवन की छत टूटकर नीचे फर्श पर गिर रही है. इसके बावजूद छोटे-छोटे बच्चे इसी स्कूल में बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं. तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय साहोबहियार की बात हो रही है. इस विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है. कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं, जिनकी संख्या को करीब 16 है. जर्जर भवन के कारण शिक्षक संग बच्चों को हमेशा डर बना रहता है कि कब उनके ऊपर छत का टुकड़ा आकर गिर जाएगा. इसी डर के कारण बारिश के दिनों में बच्चों की संख्या बहुत कम हो जाती हैं. स्कूल में शिक्षण के लिए दो कमरे हैं. एक कमरा इतना जर्जर हो चुका है कि उस कमरे में बच्चों को पढ़ना जान जोखिम में देने के समान है. कमरे का फर्श भी लागातार नीचे की और जा रही है. शिक्षक के पास कोई दूसरा विकल्प मौजूद नहीं रहने के कारण शिक्षक को स्कूल के एक ही कमरे में बच्चों को पढ़ा रहे हैं. जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

### टूट कर गिर चुका है बरामदे का छज्जा

शनिवार को स्कूल में कक्षा संचालन के दौरान अचानक बरामदे का छज्जा टूट कर जमीन में गिर गया था . हालांकि कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई लेकिन खतरा तो बरकरार है . स्कूल के बरामदे का छज्जा कई जगहों से लगातार टूट रहा है . स्कूल में शिक्षा ग्रहण के साथ बच्चे खेलकूद भी करते हैं . शिक्षक विवेक कुमार ने बताया कि घटना के दौरान हम सभी स्कूल में ही मौजूद थे . भवन काफी जर्जर हो चुका है . कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है . जर्जर भवन को लेकर हमने विभाग को जर्जर भवन की तस्वीर के साथ समस्या को अवगत करवाया है . उन्होंने कहा कि स्कूल में चार भवन की जरूरत है जिसमें अच्छी तरीके से कक्षा का संचालन किया जा सके .

### जान बचानी है तो दो किलोमीटर पैदल चलेंगे बच्चे

विभाग द्वारा विधार्थियों के साथ कोई अप्रिय घटना घटित ना हो जाए, इसे लेकर विभाग ने तांतरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तांतरी में अस्थाई तौर पर शिक्षण कार्य करने की अनुमति दी है . प्राथमिक विद्यालय साहोबहियार से उत्क्रमित मध्य विद्यालय तांतरी की लगभग दुरी 2 किलोमीटर की आसपास है . कल्पना करने की बात है कि कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले विधार्थी किया लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय कर शिक्षा ग्रहण करने तांतरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तांतरी जा पाएंगे .











## ब्रीफ खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के रांगा माटी रेलवे ओवर ब्रिज के समीप धनबाद-गया रेल खंड के अप लाईन पर मंगलवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी. सूचना के बाद मौके पर पहुंची निमियाघाट पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये गिरिडीह भेज दिया. मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष बताया जाता है. समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी. संभावना व्यक्त की जा रही है कि लाईन पार करने के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी.

### मुहर्रम को लेकर बेरमो में पुलिस का फ्लैग मार्च

**कथारा।** मुहर्रम को लेकर बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला. पुलिस ने मुस्लिम समाज के लोगों से सदियों से चली आ रही परंपरा भाईचारा व सौहार्थ के साथ पर्व मनाने की अपील की. थाना प्रभारी ने कहा कि लोगों की सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद रहेगी. संवेदनशील जगहों पर जवानों की तैनाती की जाएगी. सोशल मीडिया पर प्रशासन की सख्त नजर है. यदि कोई पर्व में माहौल बिगाड़ने या अफवाह फैलाने की कोशिश करता है, तो ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी.

### पिकअप वैन व ऑटो में टक्कर, पांच घायल

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो साहिबगंज मुख्य पथ के पथरघट्टा के समीप पिकअप वैन ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिसमें 5 व्यक्ति घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार मरचो निवासी शिबू रॉय, पथरघट्टा निवासी अमीन तुरी, मंगरूटीकर निवासी सीम्स मुर्मू, सिमरा निवासी मुन्ना कुमार, सबैया निवासी राजेश हेंब्रम सभी ऑटो में सवार होकर बोरियो हटिया आ रहे थे. इसी क्रम में पीछे से आ रही पिकअप वैन ने टक्कर मार दी. जिससे पांच व्यक्ति घायल हो गए. घायलों को बोरियो सीएचसी में भर्ती किया गया. जहां सभी घायलों का इलाज किया गया.

### अधिवक्ता रोहित ठाकुर बने जिला कॉर्डिनेटर

**कसमार (बोकारो)।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ता रोहित ठाकुर को राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के बोकारो जिला कॉर्डिनेटर बनाया गया है. इस संबंध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने श्री ठाकुर को पत्र देकर सूचित किया है. श्री शर्मा ने कहा है कि संगठन जमीनी स्तर पर लोगों को उनके राजनीतिक अवसरों और पंचायत राज संस्थानों और शहरी स्थानीय निकायों में भागीदारी का विस्तार करके सत्ता के हस्तांतरण के संबंध में राष्ट्रीय चेतना पैदा करने का एक मंच है. श्री ठाकुर लगातार ग्रामीण स्तर के मुद्दों को लेकर एडवोकेसी कर रहे हैं. अब वे इस संगठन के माध्यम से लोगों के हित में बेहतर कार्य करेंगे.

### प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

**साहिबगंज।** पतना प्रखंड में रांगा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को देर रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा के नेतृत्व में रांगा थाना क्षेत्र के दिघी सुढ़ी टोला के एक घर में औचक छापेमारी की और जाँच पड़ताल के दौरान लगभग 60 पीस अवैध प्रतिबंधित कफ सिरप एक झोले से बरामद करते हुए बिक्रेता राजा बाबू नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया. मौके पर रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार दल बल के साथ मौजूद थे.

### बिजली की मांग को लेकर तीसरे दिन भी आंदोलन जारी

**ललमटिया।** लोहंडिया बाजार के ग्रामीणों ने अपने आंदोलन के तीसरे दिन मंगलवार को एनटीपीसी कहलगांव एवं फरक्का एमजीआर कोयला ट्रांसपोर्टेशन कार्य को बाधित किया. कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी को रोककर ईसीएल प्रबंधन के विरोध में नारे लगाए. बिजली नहीं तो ट्रांसपोर्टेशन नहीं का नारा लगाते हुए दर्जनों ग्रामीणों ने सायलो प्वाइंट के पास जाम कर दिया. जिससे कोयला ढुलाई का कार्य बाधित हो गया.

## धनबाद सांसद को गुरुद्वारा कमिटी ने किया सम्मानित



**संवाददाता। बोकारो**

धनबाद लोकसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो को मंगलवार चास गुरुद्वारा कमिटी के सदस्यों ने चास गुरुद्वारा में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया और जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी. धनबाद सांसद ने गुरुद्वारा में माथा टेककर गुरु ग्रन्थ साहिब से क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की और आशीर्वाद मांगा. सांसद ने सिख समाज के लोगों के लिए हर समय उपलब्ध रहने का वादा करते हुए कहा कि सिख संगत को जहां भी उनकी आवश्यकता हो बेहिचक उनसे कभी भी मिल सकते हैं. हम हर समय उपलब्ध रहेंगे. हम बिना किसी भेद-भाव के कार्य करना चाहते हैं.

## पूर्व मुखिया सहित दो लोगों को मारी गोली

### तीन बाईक पर चार अपराधी थे सवार, रेलवे साईडिंग की ओर फरार

**संवाददाता। जामताड़ा**



करमाटांड़ थाना क्षेत्र के शकलपुर मोड के पास मदन कट्टा स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क पर एक व्यक्ति से पैसे लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे बाइक पर सवार अपराधियों को रोकने के क्रम में अपराधियों ने देवघर मदन कट्टा के रहने वाले पूर्व मुखिया संजय गुप्ता और हराधन मुर्मू को गोली मार दी. दोनों को गंभीर हालत में ईलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया.

घटना को लेकर स्थानीय दीनानाथ मंडल ने बताया कि तीन बाईक पर सवार चार अपराधी मदन कट्टा स्टेशन के बाहर लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे. लूट की सूचना पीडित ने पूर्व मुखिया संजय गुप्ता का दी. सूचना मिलने पर संजय गुप्ता और हराधन मुर्मू शकलपुर मोड के पास अपराधियों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन अपराधियों ने दोनों पर चार राउंड फायरिंग कर दी. जिससे कारण संजय गुप्ता को कंधा में और हराधन मुर्मू को पैर में गोली लग गई. फायरिंग करने के बाद चारो अपराधी रेलवे साइडिंग की ओर फरार हो गये. घटना के बाद दोनों घायल को जामताड़ा सदर अस्पताल भेजा गया. जहां पर ईलाज करने के बाद दोनों को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया. घटनास्थल से दो गोली पाया गया है, जिसमें एक जिंदा कारतूस है.

## बारात से लौट रही मारूति वैन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

### हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल, बीजीएच व रिम्स रेफर

**खास बातें**

- जारंगडीह से बारात लौटने के क्रम में हुआ हादसा
- बीओआई के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आया मारूति वैन

**संवाददाता। कथारा**



बोकारो-रामगढ़ एनएच 23 पर पेटरवार मुख्य मार्ग पर बैंक ऑफ़ इंडिया के समीप मंगलवार की सुबह दर्दनाक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये.

मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन की चपेट में मारूति वैन आ गया. मारूति वैन में कुल छह लोग सवार थे. जिसमें राज नायक और संजय घांसी की मौत हो गई. जबकि तीन की स्थिति नाजुक तथा एक की स्थिति समान्य बताया जा रहा है.

बताते चलें कि मारूति कार वाहन संख्या जेएच24सी 3864 गोला से जारंगडीह बारात गया था और वापस लौटने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद एक को बेहतर ईलाज के लिए बोकारो बीजीएच और दो को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया. दुर्घटना इतनी जोरदार हुई की मारूति कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में फंसे घायलों को वाहन काट कर बाहर निकाला गया.

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान धनबाद के एक निजी क्लीनिक में सोमवार देर रात मौत हो गई. बताया जाता है कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मानजोरी हाडोडीह निवासी विजय राम के छोटे पुत्र 23 वर्षीय सत्यम कुमार विगत 5 जुलाई 2024 को महेशमुंडा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित बघरा के समीप दो मोटरसाइकिल की टक्कर में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था. गंभीर स्थिति रहने के कारण उसे धनबाद रेफर कर दिया गया था. हालांकि परिजनों ने धनबाद के एक निजी क्लीनिक में उन्हें बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. इधर इस घटना की खबर सुनते ही परिजनों में चीत्कार मच गया.

### आंदोलनकारियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**डुमरी (गिरिडीह)।** पीरटांड़ एवं डुमरी प्रखंड के चिन्हित झारखंड आंदोलनकारियों ने गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को मांग पत्र सौंप कर चिन्हित आंदोलनकारी कंडिका 2 (IX) के तहत चिन्हित किये गए आंदोलनकारियों को सरकारी नियमानुसार राशि भुगतान कराने के दिशा में सार्थक पहल करने की अपील किया. आंदोलनकारियों ने लिखा है कि झारखंड चिन्हितीकरण आयोग के पत्रांक संख्या 1938-20/4/2921 स्वीकृति के आलोक मे आंदोलनकारियों को पेंशन भुगतान करने की मांग की है. लिखा है कि जेल की बाध्यता को समाप्त करते हुए आंदोलनकारियों का पेंशन भुगतान करने की पहल करें. पत्र में राजकमल महतो, जानकी दास, पुरन मुर्मू, देवान हेम्रम, सीतो महतो, तालेश्वर महतो, मीतन महतो, किशोर हेम्रम, चुडका मरांडी, पांचु मराण्डी, पुरन हांसदा, चोलाराम महतो, डेगलाल महतो, बसमतिया देवी, अकलू ठाकुर, टहल महतो, मजहर इमाम, झुपर मरांडी, सोबरम हांसदा, किशोर हेम्रम, नरेश मरांडी, डालो पंडित, छोन्दो हेम्रम आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं. आंदोलनकारियों ने बताया कि अपने मांगों को लेकर 18 जुलाई को विधायक कल्पना सोरेन से मिलेंगे.

## कर्मियों ने नौ सूत्री मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

**पीरटांड (गिरिडीह)।**



अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने झारखंड अनुसचिव कर्मचारी संघ के बैनर तले पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष मंगलवार को काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया. इस विरोध प्रदर्शन में पीरटांड़ ब्लॉक नाजिर, कंप्यूटर ऑपरेटरों चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों एवं संविदा पर कार्यरत कर्मियों ने हिस्सा लिया.

बता दें कि राज्य के सभी जिलों के कर्मियों ने इसमें भाग लिया और एक दिवसीय प्रदर्शन किया है. विरोध प्रदर्शन के जरिए राज्य सरकार तक अपनी 9 सूत्री मांगों को रखा है. मंगलवार से विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की गई है. पहले दिन सभी कर्मी काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे. 18 जुलाई को सभी कर्मी 3 घंटे के लिए पेन डाउन स्ट्राइक रखेंगे. साथ ही 19 जुलाई तक यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो 20 जुलाई को सभी जिला मुख्यालय पर कैंडल मार्च निकालेंगे . उसके बाद राज्य के सभी जिलों के सभी अनुसचिवीय कर्मचारी संघ के कर्मी 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे. जानकारी देते हुए बताया कि 2022 से ही सरकार के समक्ष संघ द्वारा अपनी मांगों को रखा जा रहा है. मगर सरकार मामले को लेकर गंभीर नहीं है. जिस कारण हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं.

इस मौके पर नाजिर अविनाश कुमार, चंदन कुमार मेहता, गुलाब अंसारी, रेशमी कुमारी, महेंद्र शर्मा, संगीता कुमारी, संजय कुमार सहित कई कर्मी शामिल थे.

## दिव्यांका और तेजस ने पिट मॉडर्न स्कूल गोमिया का नाम किया रोशन

**संवाददाता। बोकारो**



पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया के विद्यार्थी दिव्यंका सिंह और तेजस जायसवाल का राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त की.

पिट्स मॉडल स्कूल के छात्रा कक्षा तृतीय की दिव्यंका सिंह अंतरराष्ट्रीय रैंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीती और कक्षा पंचम के छात्र तेजस जायसवाल जोनल में डिस्टिंक्शन स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया. विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान के प्रति अविश्वसनीय दृढ़ता और जुनून दिखाते हुए राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में उल्लेखनीय सफलता हासिल की.

यह प्रतियोगिता देश भर के छात्रों के वैज्ञानिक ज्ञान और समस्या समाधान कौशल की परीक्षण करती है. कक्षा प्रथम से छह तक के 14 छात्रों ने राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक प्राप्त किया.

विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय ने पुरस्कार विजेताओं को शुभकामनाएं दिए और उन छात्रों के सामूहिक प्रयासों पर भी जोर दिए. आईपीएल ओरिका गोमिया के महाप्रबंधक अभिषेक विश्वास एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने विजेता छात्रों को बधाई दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

**जायजा** मुहर्रम पर्व को लेकर विधि व्यवस्था पर बैठक

## निर्धारित रूट और तय समय पर ही निकलेंगे जुलूस : एसपी

**खास बातें**

- संवेदनशील स्थानों पर रहेगी विशेष नजर
- ड्रोन, वीडियो कैमरों से होगी निगरानी

**संवाददाता। बोकारो**



समाहरणालय सभागार में मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया. इस दौरान विशेष शाखा द्वारा जिलों को बरती जाने वाली सावधानियों की भी जानकारी दी गई. बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश एवं उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने किया. मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अनिमेश कुमार गुप्ता, एसडीओ बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, डीसीएलआर प्रभास दत्ता सहित जिला स्तरीय अधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास, बेरमो, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे.

एसपी एवं डीडीसी ने क्रमवार सभी अंचलों, थानों में शांति समिति की बैठक की जानकारी ली. सभी ने कहा कि शांति समिति की बैठक कर ली गई है. समिति सदस्यों का विवरण, समाज के सम्मानित लोगों का संपर्क नंबर आदि प्राप्त कर लिया गया है. द्वय पदाधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों, मोहल्लों पर विशेष निगरानी रखने, सर्तक रहने को कहा. छोटी सी छोटी घटना की अविलंब सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देना सुनिश्चित करेंगे.

एसपी एवं डीडीसी ने इस बात को सुनिश्चित करने को कहा कि निर्धारित रूट एवं तय समय पर ही जुलूस निकले तथा संपन्न हो. जुलूस का वीडियो रिकॉर्डिंग हो, आवश्यकतानुरूप सीसीटीवी, ड्रौन कैमरे से भी निगारानी की जाएगी. उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों को उपद्रवियों को चिन्हित करते हुए 107 की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा. पर्व को देखते हुए जिला कंट्रोल रूम के साथ अनुमंडल कंट्रोल रूम एवं अस्थायी मिनी कंट्रोल रूम भी संचालित किया जाएगा.

सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी के लिए जिला टीम को सक्रिय करने एवं स्थानीय स्तर पर भी इसकी निगरानी करने को द्वय पदाधिकारियों ने कहा. वाट्स एप समूह के एडमिन एवं संबधित समूह के सदस्य बिना पुष्टि के किसी भी भ्रामक खबर का प्रसार नहीं करेंगे, ऐसा करने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### 04 अतिरिक्त मिनी कंट्रोल स्थापित

उप विकास आयुक्त ने बताया कि मुहर्रम पर्व को लेकर समेकित जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाष संख्या: 06542 –223705/223475 एवं 100) के अलावा 04 अतिरिक्त मिनी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया. सभी के वरीय पदाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं. मिनी कंट्रोल रूम क्रमशः मिनी नियंत्रण कक्ष सिवनडीह, मिनी नियंत्रण कक्ष रितुडीह, मिनी नियंत्रण कक्ष बेरमो थाना (दूरभाष संख्या: 06549– 230674) एवं मिनी नियंत्रण कक्ष अनुमंडल कार्यालय बेरमो में स्थापित है. आमजन भी कंट्रोल रूम में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी साझा कर सकते हैं, प्रशासन त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा.

### चेन्नई पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी को किया गिरफ़्तार

**साहिबगंज।** बरहरवा प्रखंड में चेन्नई पुलिस ने बरहरवा थाना क्षेत्र के बिंदुपाड़ा से बरहरवा थाना पुलिस के संयुक्त सहयोग से मर्डर के दो वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रासीद शेख उम्र 32 बिंदुपाड़ा निवासी लगभग दो वर्ष पूर्व 2022 में चेन्नई में हुए मर्डर मामले में नामजद आरोपी थे. जिसको लेकर चेन्नई पुलिस काफी दिनों से उक्त अभियुक्त रासीद शेख को ढूंढ रही थी. लेकिन आरोपी चेन्नई से भागकर यहाँ आकर काफी दिनों से बरहरवा थाना क्षेत्र के बिंदुपाड़ा में रह रहा था. जिसकी सूचना मिलते ही चेन्नई पुलिस बरहरवा थाना पहुँचकर थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह को मामले की जानकारी दी. तत्पश्चात बरहरवा थाना पुलिस व चेन्नई पुलिस ने संयुक्त रूप से आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की.

### नदी से मिली अज्ञात युवक की लाश

**गोड्डा।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लकड़ी मिल से कनभारा गांव को जोड़ने वाली पुल के नीचे से अज्ञात युवक के शव को बरामद किया गया. मंगलवार की दोपहर ग्रामीणों द्वारा युवक के शव को देखे जाने के बाद अगल-बगल काफी भीड़ जमा हो गई. घटना की सूचना पुलिस को मिलने के बाद एसडीपीओ जेपीएन चौधरी टीम के साथ पहुंच कर अनुसंधान आरंभ किया. घटनास्थल से मोबाइल के अलावा कुछ अन्य सामानों को भी बरामद किया गया है. लाश किसकी है इसकी पहचान नहीं हो पाई है. एसडीपीओ श्री चौधरी के अनुसार घटनास्थल के आसपास से साइनाइड की गोली भी मिली है, इसलिए प्रथम दृष्टया यह हत्या का नहीं बल्कि आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. फिलहाल पुलिस की टीम ने घटनास्थल से आपत्तिजनक सामानों को बरामद कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

### शूटिंग प्रतियोगिता में आयुष्मान को मिला प्रथम स्थान

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो में 10वीं कक्षा के होनहार विद्यार्थी आदि आयुष्मान ने एक बार फिर निशानेबाजी में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है. राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में लगातार दूसरे वर्ष आदि ने पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है. देवघर स्थित के. सुरेन्द्र सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 14वीं झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2024 की सीनियर और जूनियर, दोनों ही कैटगरी में उसने रैंक 1 हासिल की. (ए-71) ओपन साइट 50 मीटर राइफल प्रोन मेन के साथ-साथ (ए-72) ओपन साइट 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर मेन में भी आदि ने शानदार निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया. दोनों ही स्पर्धाओं में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उसने एक-एक गोल्ड मेडल जीता. इसके साथ ही आदि आयुष्मान ने अब अगले एक-डेढ़ महीने में होने वाली ईस्ट जोनल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है. इस उपलब्धि पर मंगलवार को डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने उसे मेडल पहनाकर सम्मानित किया तथा बधाई देते हुए जोनल व राष्ट्रीय स्तर पर भी दमदार प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं.

### जिप सदस्य ने किया नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास

**डुमरी (गिरिडीह)।** 15वें वित्त जिला परिषद मद से 838000 रुपये की प्राक्कलित राशि से रांगामाटी पंचायत के अन्तर्गत डुगडुगिया निवासी लालमनी साव के घर से नाला तक पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को क्षेत्र के जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने नारियल फोड़ कर किया. इस दौरान जिप सदस्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पूर्व यहां के ग्रामीणों से यहां पक्की नाली निर्माण करने का वादा किए थे, जिसका शिलान्यास कार्यक्रम आज संपन्न हुआ है. इसका सारा श्रेय इस क्षेत्र के लोगों को जाता है. कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक योजनाओं को अपने क्षेत्र में लाएं और इस क्षेत्र का संपूर्ण विकास करें. शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुखिया जागेश्वर यादव, पंसस नेहा देवी, भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार, पूर्व मुखिया लालमनी साव, मनोज साव, युगल किशोर यादव, वार्ड सदस्य उमेश यादव, तुलसी दास, शिवा दास, गेनशी देवी, लीलावती देवी,भागीरथ साव, बुंदिया देवी, शोभा साव, नरेश साव आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे.

### डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा ने मनाया 35वां स्थापना दिवस

**कथारा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा का 35वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया. इस शुभ अवसर पर विद्यालय के परिसर में सीनयर विंग और जूनियर विंग दोनों स्थानों में हवन का आयोजन हुआ. यज्ञ के मुख्य यजमान विद्यालय के प्राचार्य सह झारखंड जोन के निदेशक विपिन राय थे. उन्होंने विद्यालय परिवार के सभी लोगों को इस शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी और बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विद्यालय 35 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है. इस विद्यालय के कई विद्यार्थी देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत है. प्रशासनिक सेवा, चिकित्सा, अभियंता, वकालत, आईटी सेक्टर में कार्य करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है.

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर जयरामडंगा स्वास्थ केंद्र का निरीक्षण

**साहिबगंज।** डॉo अरविन्द कुमार सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा अनुमण्डलीय अस्पताल राजमहल के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर जयरामडंगा का औचक निरीक्षण किया गया. जिसमें सिविल सर्जन के द्वारा ओपीडी, रजिस्टर, पैसेंट वार्ड, उपस्थिति पंजी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में साफ-सफाई आदि को देखा. आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गंदगी देखकर सिविल सर्जन डॉक्टर अरविंद कुमार बिफर पड़े एवं साफ-सफाई करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द प्रसव सेवा प्रारंभ करने का भी निर्देश दिया. वहीं सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध सभी प्रकार के स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं डेंगू से बचाव का उपाय भी साझा किया.

### कथारा में हर घर कांग्रेस कार्यक्रम आयोजित

**कथारा।** कथारा में हर घर कांग्रेस कार्यक्रम के छठे सप्ताह के आयोजन में अजय कुमार सिंह ने कहा कि बेरमो तथा गोमिया में महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित के लिए अभी से कार्यकर्ता कमर कस लें. गोमिया में जहां जीत का परचम लहराना है, वहीं बेरमो में जीत के अंतराल को बढ़ाना है. चुनाव में कार्यकर्ता बड़े ही उत्साह के साथ कार्य करने को लेकर वचनबद्ध हैं. राज्य सरकार की लाभ कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाना पार्टी के कार्यकर्ताओं का मुख्य उद्देश्य है.

### मुहर्रम को लेकर ट्रैफिक रूट में किया गया बदलाव

**बोकारो।** मुहर्रम पर्व को लेकर ट्रैफिक रूट में बुधवार को अपराह्न 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक बदलाव किया गया है. पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को जरीडीह टोल के पास रोकी जायेगी. पुरूलिया की ओर से आईटीआई मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पिन्ड्राजोरा चेक पोस्ट एवं आईटीआई मोड़ पर रोका जायेगा. चन्दनकियारी की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को भवानीपुर साईड के पास रोका जायेगा. धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को तेलमच्चो टोल के पास रोका जायेगा. इलेक्ट्रो स्टील की ओर से आने वाले भारी वाहनों को तेलगड़िया मोड़ पर रोका जायेगा. उकरीद मोड़ की तरफ से बालीडीह की ओर जाने वाले चार पहिया, तीन पहिया वाहन का परिचालन बांयी तरफ वर्जित रहेगा. सभी चार पहिया, तीन पहिया वाहन का परिचालन उकरीद मोड़ से स्टेशन मोड़ तक दाहिने तरफ से होगा.

### एसडीपीओ के नेतृत्व में तिसरी में निकला फ्लैग मार्च

**तिसरी (गिरिडीह)।** मुहर्रम पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तिसरी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला. इस दौरान मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो, तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक, गांवा थाना प्रभारी महेश चंद्र, देवरी थाना प्रभारी एस. के. साहू, एसआई सतीश कुमार, नंदजी राय मौजूद थे. पुलिस ने तिसरी थाना इलाके के बाहेरवाबांक, चंदौरी, पलमरुआ और अड़सार में फ्लैग मार्च निकाला. फ्लैग मार्च में एएसआई, संजय टुडू, सुदर्शन बीन, राजेश राम, चंदौरी मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल, पलमरुआ मुखिया प्रतिनिधि मो. मुस्तकीम समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

### वायदे पूरा कर रही सरकार : धनंजय सिंह

**जमुआ (गिरिडीह)।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं. आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस गिरिडीह जिला में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करे, इसके लिए कार्यकर्ताओं से मिलकर उनमें जोश भरने का काम कर रहे हैं. सोमवार देर शाम को उन्होंने जमुआ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी रणनीति पर चर्चा किया. बाद में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में श्री सिंह ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार ने अपने साढ़े चार साल के कार्यकाल में बेहतर प्रदर्शन किया है. चुनाव के समय जो घोषणा किया गया उसे धरातल पर उतारने का भरपूर प्रयास किया गया. हालिया दिनों में पीजीटी पास 1500 अभियार्थियों को शिक्षक नियुक्ति का पत्र सौंपा गया.

## ब्रीफ खबरें

### औद्योगिक क्षेत्र में माकपा का प्रदर्शन

**जामुड़िया:** जामुड़िया औद्योगिक क्षेत्र के इकड़ा इलाके में माकपा की ओर से मंगलवार को 5 सूत्री मांगों को लेकर आरएआईसी इंटीग्रेटेड स्पंज एंड आयरन कारखाना तथा सत्यम स्मेल्टर कारखाना के समक्ष प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया. प्रदर्शन के दौरान डीवाईएफआई नेता बुद्धदेव रजक ने कहा कि इकडा स्टेशन से लेकर इकड़ा चंडीपुर गांव का रास्ता पूरी तरह बदहाल है. फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा रास्ता का उपयोग किया जाता है लेकिन इसकी मरम्मत को लेकर पूरी तरह से उदासीन है. गांव के लोगों सहित स्कूल आने जाने बच्चों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसके अलावा सड़क पर लाइट की व्यवस्था नहीं है, जिस कारण रात के समय अंधेरा छाया रहता है.

### श्रावणी मेला को लेकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

**आसनसोल।** देवघर में श्रावणी मेला भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक कैलेंडर का एक एकीकृत हिस्सा है, जो भगवान शिव का आशीर्वाद लेने और भक्ति और एकता की भावना में डूबने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों को आकर्षित करता है. मेला श्रावण के शुभ महीने में लगता है. भारत के विभिन्न हिस्सों से भक्त भगवान शिव की पूजा करने के लिए देवघर आते हैं. श्रावणी मेले के दौरान, जसीडीह स्टेशन पर देश के विभिन्न कोनों से भक्तों की भारी भीड़ देखी जाती है, जो उत्सव और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने आते हैं. इस पवित्र अवधि के दौरान यात्रियों की भीड़ को समायोजित करने के लिए पूर्व रेलवे विशेष व्यवस्था और अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं प्रदान करता है. आगामी श्रावणी मेले के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, 22.07.2024 से 19.08.2024 तक 07 मेमू स्पेशल ट्रेनें चलेंगी. 03146 जसीडीह-दुमका मेमू स्पेशल जसीडीह से 11:00 बजे रवाना होगी और 12:15 बजे दुमका पहुंचेगी तथा 03145 दुमका-जसीडीह मेमू स्पेशल दुमका से 12:55 बजे रवाना होगी और 14:05 बजे जसीडीह पहुंचेगी. 03148 जसीडीह-दुमका मेमू स्पेशल जसीडीह से 18:05 बजे रवाना होगी और 19:50 बजे दुमका पहुंचेगी तथा 03147 दुमका-जसीडीह मेमू स्पेशल दुमका से 20:00 बजे रवाना होगी और 21:10 बजे जसीडीह पहुंचेगी.

### धीरज 17 दिनों से लापता पुलिस ने नहीं ली शिकायत

**आसनसोल।** बुजुर्ग पिता देवेंद्र प्रसाद वर्णवाल का बेटा धीरज, जो 30 जून 2024 को मुम्बई से आसनसोल आने के लिए गीतांजली एक्सप्रेस ट्रेन से निकला था, अब तक घर नहीं पहुंचा है. धीरज के लापता होने के बाद से उसकी मां और पिता की जिंदगी में एक ही सवाल है कि धीरज कहां है? धीरज के पिता ने बताया कि उसका बेटा मुम्बई से आसनसोल आने के लिए साधारण टिकट लेकर निकला था और उसने बताया था कि वह गीतांजली एक्सप्रेस से आ रहा है, लेकिन वह आज तक घर नहीं लौटा. धीरज का मोबाइल एक रेलवे कर्मचारी को जलगांव में रेलवे ट्रैक पर मिला है. धीरज अपनी पत्नी संतोषी बर्णवाल के साथ छह महीने पहले मुम्बई एक बेहतर जीवन की तलाश में गया था.

### ब्लास्टिंग से घर में गिरा पत्थर, महिला घायल

**सालानपुर।** ईसीएल के सालानपुर अंतर्गत बंजीमिहारी कोलियरी ओपन ओसीपी में अचानक कई दिनों से ब्लास्टिंग की घटना लोग दहशत में हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डेको कंपनी को ओपन ओसीपी चलाने का जिम्मा दिया गया है. बंजीमिहारी कोलियरी सालानपुर एरिया का एक महत्वपूर्ण बंजीमिहारी है. यहाँ पर अच्छे गुणवत्ता वाले कोयला का एक बड़ा ओपन खदान है. मिली जानकारी के अनुसार ओपन ओसीपी में रीपर मशीन से कोयला काटने को कहा गया है. बिना बल् वाले सुव्यवस्थित मशीन का उपयोग किया जाने वाले से कोयला निकालने को कहा गया है. परतुं देखा गया है कि दोपहर के समय बोरिंग टेस्टिंग के माध्यम से 40 से 50 होल कर लगातार ब्लास्टिंग किया जा रहा है.



### धेमोमैन में दुर्गा पूजा पर खूंटी पूजन संपन्न

**दुर्गापुर।** धेमोमैन कोलियरी सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा 53 वां वर्ष दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है. इस वर्ष पंडाल का थीम मुंबई के ताज पैलेस होटल है. पंडाल निर्माण करने से पहले मंगलवार को खुंट्टी पूजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सोदपुर एरिया के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे. इसके अलावा पूर्व पार्षद रोहित नोनिया, पार्षद संजय नोनिया, नरसमुंदा कोलयरी के प्रबंधक, ओसमा, पीट के प्रबंधक तपेश्वर सिंह यादव, इंकलाइन के प्रबंधक मिस्टर प्रसाद, डीएमसी ग्रुप के कार्मिक प्रबंधक मीना कुमारी रेड्डी, एरिया जीसीसी सदस्य अनिल कुमार सिंह, इंटक के विनोद कुमार सिंह और सुभाष तिवारी, सीटू के मनोज कुमार नोनिया, बीएमएस के भीम प्रसाद नोनिया और दिनेश नोनिया, एटक के प्रहलाद राम, उपस्थित थे.

### बहन की हत्या से पर्दा उठाने की आस लिए साइकिल से राजभवन रवाना हुआ भाई

# दो साल पहले हुई थी बहन की हत्या, आरोपी अभी तक लापता

संवाददाता । दुर्गापुर

दो साल पहले बहन की हत्या हुई थी. बहन का पति अभी भी लापता है. दो भांजे-भांजी का सुराग नहीं मिला. परिवार ने न्याय के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर प्रशासन के सभी स्तरों पर गुहार लगाई. न्याय की आस में मृतका के भाई प्रसेनजीत स्वर्णकार आज साइकिल चलाकर दुर्गापुर से राज्यपाल के पास जाने के लिए रवाना हुए. करीब दो साल पहले दुर्गापुर के कोक ओवन थाना अंतर्गत अंगदपुर स्थित घर से पुलिस ने उमा खातून का सड़ा-गला शव बरामद किया था. घटना के एक दिन पहले से ही उसका पति फरार था. पड़ोसियों ने फ़ोन कर उमा के परिवार को इसकी ख़बर दी थी. प्रेम के कारण उमा ने अपने माता-पिता की मर्जी के खिलाफ दुर्गापुर के रफीक आलम से शादी कर ली. उमा के दो बच्चे हैं. दोनों बच्चे नहीं मिल रहे हैं. परिवार को शक है कि अंगदपुर इलाके में पड़ोसी और उनकी पत्नी को इस बारे में सब पता था. लेकिन पुलिस को सूचना देने के बाद दोनों को एक दो बार पुलिस द्वारा बुलाया गया और फिर कोकोवेन थाने की पुलिस ने कोई सार्थक पहल नहीं की. उन पर दबाव डालने से सारी सच्चाई पता चल सकती थी. यहां तक कि पुलिस भी यह जानने में बहुत झिझक रही थी कि उमा का पति कहां है. परिवार ने न्याय के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखित गुहार लगाई. इसकी सूचना आसनसोल दुर्गापुर पुलिस से लेकर अनुमंडल प्रशासन से लेकर सभी जगहों को दी गयी. लेकिन कुछ नहीं हुआ. आज उमा का पति रफीक आलम जो अभी भी लापता हैं. परिवार के संदेह की सूची में है. परिवार को पैसे का लालच देकर पड़ोसी ने एफआईआर से अपना नाम हटाने की कोशिश की. लेकिन यह असहाय परिवार इस प्रलोभन में नहीं आया. अंत में न्याय न मिलने पर दुर्गापुर के कोक ओवेन थाना क्षेत्र के एल. बी टाईप में अपने घर से उमा के भाई प्रसेनजीत स्वर्णकार अपनी बहन की हत्या के लिए न्याय मांगने के लिए साइकिल से कलकत्ता के राजभवन के लिए रवाना हुए. अपनी बहन के हत्यारे को सजा दिलाने और दोनों भांजे-भांजियों को ढूंढने की गुहार लेकर प्रसेनजित सभी दस्तावेज लेकर राजभवन के लिए रवाना हो गए. उमा के पिता अपनी बेटी के ग़म में ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित हैं. उनकी एक आँख की रोशनी भी चली गई है. न्याय की आस में आज माँ के आंसू सूख गए. बेटी चली गई. अब बेटे पर तो कोई आंच नहीं आएगी? इस डर से पूरे परिवार की रातों की नींद उड़ गई. एक डर अब भी है. क्या प्रसेनजीत साइकिल से राजभवन पहुँच पाएंगे? पुलिस की नाकामी छुपाने के लिए वह साइकिल बीच सड़क पर तो नहीं रोकी जाएगी हालाँकि अपनी अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर. वह अपनी बहन की हत्या के लिए न्याय की उम्मीद में सभी बाधाओं को पार करने और राज्यपाल तक पहुँचने की कोशिश कर रहा है.



# समुद्र में दुर्गापुर के छह पर्यटक डूबे, दो की मौत

**दुःखद** बचाव दल तीन लोगों को बचाने में रहा सफल

**खास बातें**

- शंकर और कौशिक की हुई मौत, ऋत्विक नामक व्यक्ति अभी भी है लापता



संवाददाता । दुर्गापुर

दुर्गापुर के दो पर्यटक मंदारमणि के समुद्र में तैरते समय डूब गए और एक अन्य व्यक्ति अभी भी लापता हैं. यह घटना उस समय हुई जब दुर्गापुर के छह पर्यटकों का एक समूह मंगलवार को दोपहर के समय तैरने गया था. समुद्र में लहरें उठ रही थीं. जिससे सभी छह लोगों को संघर्ष करना पड़ा. बचाव दल पांच लोगों को बचाने में सफल रहे. लेकिन दुर्भाग्य से उनमें से दो की जान नहीं बच पाई. लापता व्यक्ति का नाम ऋत्विक बरई है. यह घटना मंदारमणि समुद्र तट की सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा करती है. क्योंकि एक दिन पहले एक और पर्यटक डूब गया था.

मंदारमणि समुद्र



### अंडाल में डूबी युवती का शव 3 दिन बाद बरामद

**घटनास्थल से 15 किलोमीटर दूर शव मिला**

**अंडाल।** शनिवार को दामोदर के बस्का नदी घाट पर रील बनाने के दौरान तीन युवतियां दामोदर के पानी में डूब गईं थी. इनमें से प्रियंका पासवान को जिंदा बचा लिया गया, लेकिन ब्यूटी प्रसाद की डूबने से मौत हो गई. जबकि ज्योति प्रसाद लापता थी. आपदा प्रबंधन की टीमें पिछले तीन दिनों से दामोदर नदी में तलाश कर रही थी. अंडाल के बास्का घाट में डूबे ज्योति प्रसाद का शव बीती रात करीब बारह बजे दुर्गापुर के हुचुकडांगा नदी घाट से बरामद किया गया. स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुछ मछुआरे दामोदर के हुचुकडांगा घाट पर मछली पकड़ रहे थे और लापता युवती ज्योति प्रसाद का शव उनके जाल में आ गया. शव को अंडाल थाना लाया गया. अंडाल थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.



### सब्जी कीमतों में आई गिरावट

आसनसोल। मंगलवार को आसनसोल महकमा शासक विश्वजीत भट्टाचार्य के नेतृत्व में टास्क फोर्स की टीम ने बर्नपुर और हीरापुर के सब्जी मार्केटों का निरीक्षण किया. इस निरीक्षण के दौरान टीम ने हरी सब्जियों की कीमतों की जानकारी ली और खुदरा एवं थोक विक्रेताओं से बातचीत की. एसडीएम भट्टाचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर सब्जी की कीमतों में कमी लाने और ग्राहकों तक सही दाम में सब्जियां पहुंचाने के उद्देश्य से यह टास्क फोर्स काम कर रही है. पश्चिम बर्दवान जिले के विभिन्न हिस्सों में प्रतिदिन सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया जा रहा है. आसनसोल, रानीगंज, जामुड़िया, बराकर, कुल्टी, दुर्गापुर समेत समूचे कोयलांचल एवं शिल्पांचल के प्रतिष्ठित सब्जी मार्केटों में मूल्य नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं.

### शंभू नाथ ने मंत्री फिरहाद हकीम को लिखा पत्र

**आसनसोल।** आसनसोल चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव शंभू नाथ झा ने मंगलवार को शहरी विकास और नगर पालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम को एक पत्र लिखा है. इस पत्र में शंभू नाथ झा ने ट्रेड लाइसेंस पोर्टल को लेकर आ रही परेशानियों का उल्लेख किया है. अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि लगभग एक महीने से ट्रेड लाइसेंस पोर्टल में कोई काम नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण व्यवसायी वर्ग समस्याओं का सामना कर रहा है. शंभू नाथ झा ने फिरहाद हकीम से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द इस पोर्टल को सुचारू ढंग से आरंभ करने की व्यवस्था की जाए.

## न्यूज अपडेट

### सड़क हादसे में सीआईडी सब इंस्पेक्टर की मौत

**आसनसोल।** जामताड़ा में हुए एक सड़क हादसे में सीआईडी सब इंस्पेक्टर जायेंद्र कुमार रजक की मौत हो गई. जायेंद्र मिहिजाम के डोमदाहा स्थित अपने आवास से बाइक पर सवार होकर जामताड़ा जा रहे थे. इसी दौरान एनएच 419 पर अमोय और ढेकीपड़ा के बीच उनकी बाइक की सामने से आ रही पिकअप वैन से टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि पल्सर बाइक (जेएच 05 सीआर / 3175) के परखचे उड़ गए. वहीं पिकअप वैन (37ई / 5966) का पिछला टायर फट गया. उक्त पिकअप वैन आसनसोल के दोमहानी के देव प्रसाद के नाम पर रजिस्टर्ड है. पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है. पिकअप वैन जामताड़ा से आसनसोल की ओर जा रही थी. पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया. बताया जा रहा है कि जायेंद्र की तीन महीने पहले मुंगेर की राजनंदनी से शादी हुई थी. जायेंद्र के पिता चिरैका में कर्मी थे. उनकी मौत से उनका परिवार सदमे में है और पुलिस महकमे में शोक व्याप्त है.

### बच्चा अपहरण की अफवाह को लेकर पुलिस की बैठक

**जामुड़िया।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत जामुड़िया थाने के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया. इसका मूल कारण बच्चे के अपहरण को लेकर विभिन्न इलाकों में अनजान व्यक्ति को देखते ही बच्चा चोर समझ कर उसे बुरी तरह पीटा जाता है एवं कई जगह देखा गया है कि पीट पीट कर मार दिया जाता है. इस तरह की घटना कई जगह पर घट चुकी है. इसी मुद्दे की बैठक में रानीगंज थाने के सर्किल इंस्पेक्टर सुशांत चटर्जी, जामुड़िया थाने के एसआई सुभाष बंदोपाध्याय, जामुड़िया पंचायत एसोसिएशन की अध्यक्ष इंदिरा खमनकर, बोरो 1 चेयरमैन शेख शानदार, केंदा फाड़ी के प्रभारी सुकांत दास, श्रीपुर फाड़ी के प्रभारी मेघनाद मंडल, चुरुलिया फाड़ी के प्रभारी शीतल नाग, आसनसोल नगर निगम के मेयर परिषद सुब्रत अधिकारी, जिला परिषद पदाधिकारी पुतुल बनर्जी, जामुड़िया पंचायत समिति सदस्य और जामुड़िया बोरो 1 के सभी पार्षदों के साथ ब्लॉक 2 के पंचायत के प्रधान और उपप्रधान, पंचायत समिति के सभी कर्माध्यक्ष मौक़े पर मौजूद थे. पिछले चार-पांच माह से देखा जा रहा है कि जगह-जगह बच्चे के पकड़े जाने की अफवाह फैल रही है. कभी-कभी कोई अनजान व्यक्ति या मानसिक तौर पर बीमार व्यक्ति भी दिख जाए तो लोगों की भीड़ उसे दौड़ा-दौड़ा कर मारती है. उस व्यक्ति से पूछा भी नहीं जाता है कि वह कौन है, इसका शिकार साधारण व्यक्ति को बनना पड़ा रहा है.

### काजी नजरूल विश्वविद्यालय में प्रदर्शन जारी

**आसनसोल।** काजी नजरूल विश्वविद्यालय में तृणमूल छात्र परिषद द्वारा पिछले 7 दिनों से धरना प्रदर्शन जारी है. विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और वाइस चांसलर पर आरोप है कि उन्होंने विश्वविद्यालय के फंड को आपसी कोर्ट केस में खर्च किया है. इसके विरोध में तृणमूल छात्र परिषद ने वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार के चेंबर में ताला लगा दिया है. आज सारा बांग्ला तृणमूल शिक्षा बंधु समिति ने भी एक धरना प्रदर्शन किया. जिसमें उन्होंने तृणमूल छात्र परिषद के आंदोलन पर सवाल उठाया. संगठन के जॉइंट सेक्रेटरी देवाशीष बनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोगों को बुलाकर विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के माहौल को बर्बाद किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों द्वारा ही वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार के चेंबरों पर ताला लगाया गया है और आंदोलनकारी द्वारा रजिस्ट्रार और महिला फाइनेंस ऑफिसर पर भी हमला किया गया. देवाशीष बनर्जी ने स्पष्ट किया कि भले ही आंदोलन करने वाले विद्यार्थी टीएमसी से जुड़े हुए हों, लेकिन वे किसी भी अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ममता बनर्जी और मंत्री मलय घटक के सपनों का विश्वविद्यालय है और उसे कुछ लोगों के निजी स्वार्थ के लिए बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों को जानकारी दी है. वहीं, पश्चिम बर्धमान जिले के तृणमूल छात्र परिषद अध्यक्ष अभिनव मुखर्जी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि आंदोलनकारी केवल वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार से बात करना चाहते हैं.

### निगम की नीतियों पर उठे सवाल : प्रसेनजीत

**आसनसोल।** आसनसोल नगर निगम के पूर्व मेयर जितेंद्र तिवारी ने हाल ही में निगम पर रेलपार क्षेत्र को वंचित करने का आरोप लगाते हुए धरना दिया. इस पर पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रसेनजीत पुईतुंडी ने जितेंद्र तिवारी से कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं. प्रसेनजीत पुईतुंडी ने कहा कि जितेंद्र तिवारी आज गाड़ुई नदी की सफाई को लेकर निगम के टीएमसी बोर्ड से सवाल कर रहे हैं, जबकि कांग्रेस यह सवाल 2019 से उठाती आ रही है. तब जितेंद्र तिवारी टीएमसी में थे और आसनसोल नगर निगम के मेयर थे. कांग्रेस ने तब भी गाड़ुई नदी की सफाई पर ध्यान देने के लिए ज्ञापन सौंपा था, लेकिन तिवारी ने कोई कदम नहीं उठाया. इसके अलावा, पुईतुंडी ने सवाल उठाया कि 25 नंबर वार्ड के तत्कालीन टीएमसी पार्षद हाजी नसीम अंसारी के खिलाफ नदी के अतिक्रमण को लेकर शिकायतें की गई थीं, लेकिन तिवारी ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की. उन्होंने आरोप लगाया कि हाजी नसीम अंसारी, तिवारी के करीबी थे, इसलिए कोई कदम नहीं उठाया गया. प्रसेनजीत पुईतुंडी ने यह भी याद दिलाया कि तिवारी ने ओके रोड इलाके में एक आरसीएच केंद्र बनाने के लिए 50 लाख रुपये आवंटित किए थे, लेकिन वह केंद्र अभी तक नहीं बना है. उन्होंने सवाल किया कि तिवारी ने टीएमसी छोड़ने के बाद कभी भी निगम से यह सवाल क्यों नहीं किया कि स्वास्थ्य केंद्र क्यों नहीं बना. पुईतुंडी ने तिवारी के 50 लाख रुपये आवंटित करने के दावे को भी कटाक्ष करते हुए नरेंद्र मोदी के 15 लाख रुपये के वादे के समान बताया और कहा कि तिवारी को अपने नेता नरेंद्र मोदी को भी एक पत्र लिखकर कुमारपुर के ओवरब्रिज के निर्माण में हो रही देरी पर सवाल करना चाहिए.

### दुर्गा पूजा से पहले लॉन्च होगा यात्री साथी ऐप

**आसनसोल।** दुर्गा पूजा से पहले आसनसोल औद्योगिक क्षेत्र में यात्री साथी ऐप नामक एक विशेष सरकारी ऐप लॉन्च किया जा रहा है. यह ऐप कोलकाता के बाद आसनसोल में शुरू होने जा रहा है. आसनसोल पुलिस कमिश्नर ने इस संबंध में कार्य शुरू कर दिया है और यह सेवा आसनसोल और दुर्गापुर के नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी. इस ऐप के लॉन्च होने से यात्रियों को परिवहन और वित्तीय मामलों में काफी लाभ मिलेगा. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सपनों में से एक यात्री साथी ऐप के लॉन्च से यात्रियों को किराए या अन्य कारणों से निजी वाहनों से धोखा दिए जाने की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है. इससे कार मालिकों और ड्राइवरों को भी फायदा होगा. राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि आसनसोल पुलिस कमिश्नरेट को पहले ही अनुमति दे दी गई है. कोलकाता के बाद आसनसोल और सिलीगुड़ी में इस ऐप को अनुमति दी गई है ताकि राज्य के विभिन्न इलाकों में यात्रियों को इस सरकारी ऐप का लाभ मिल सके. आसनसोल में इस व्यवस्था के प्रबंधन की जिम्मेदारी पुलिस आयुक्त कार्यालय की होगी. डीसी (यातायात) बीजी सतीश ने कहा कि दुर्गापुर, आसनसोल और अंडाल एयरपोर्ट के यात्रियों को इस सरकारी ऐप सेवा की सुविधा देने के लिए पहले चरण का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि टैक्सी यूनियन और ऑटो यूनियन से भी शुरुआती बातचीत हो चुकी है और पंजीकृत ऑटो को भी योजना के दायरे में लाने पर विचार चल रहा है.

## सीतारामपुर रेल पुलिस का जागरुकता अभियान

**ट्रैक न पार करने के बारे में दी जानकारी**



संवाददाता । सीतारामपुर

सीतारामपुर में रेलवे पुलिस ने यात्रियों से सुरक्षित रहने और नियमों का पालन करने के बारे में बात की. उन्होंने लोगों से कहा कि वे ट्रेन पर पत्थर न फेंकें या बिना किसी उचित कारण के उसे न रोकें, क्योंकि यह कानून के विरुद्ध है. उन्होंने सुरक्षित रहने, अजनबियों से खाना न लेने और खतरनाक जगहों पर रेलवे ट्रैक न पार करने के बारे में भी जानकारी दी. पुलिस ने सभी को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना उन्हें देने के लिए भी याद दिलाया.

## फ्लैट मालिकों के हमले से मणि ग्रुप के तीन कर्मचारी घायल

**दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी : विजय**

**खास बातें**

- समस्या को लेकर अधिकारिक तौर पर नहीं होती है कमेटी की मीटिंग

संवाददाता । दुर्गापुर

रेजिडेंट वेलफेयर कमेटी के बैनर तले मणि ग्रुप द्वारा निर्मित आई क्यू सिटी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के निवासियों ने कई मुद्दों को लेकर मंगलवार को भी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में प्रदर्शन किया. इस दौरान वे हिंसक हो उठे और मौके पर उपस्थित मणि ग्रुप के 3 कर्मचारियों पर शारीरिक हमला किया. उनके हमले में संस्था के फैसिलिटी मैनेजर विजय दे, फैसिलिटी इंजीनियर देबराज दलुई और अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव अभिजित रॉय बुरी तरह से घायल हो गए. घटना को लेकर फैसिलिटी मैनेजर विजय दे ने कहा कि वे लोग एक ही बात को लेकर अड़े हुए हैं. हमलोग उन्हें कोई सर्विस नहीं देते हैं. उनलोगों ने आज शांतिपूर्ण प्रदर्शन के नाम पर हिंसक हो उठे. प्रदर्शन के दौरान फ्लैट मालिकों ख़ास कर महिलाओं ने मौके पर उपस्थित मणि ग्रुप के लोगों के साथ धक्का मुक्की की. प्लेकार्ड में लगे लकड़ी से उनपर हमला किया. वे स्वीकार्य नहीं है. ये समस्याएं बैठ कर भी सुलझाया जा सकता था. लेकिन फ्लैट मालिक समस्याओं को सुलझाने के बदले साजिशन आज की घटना को अंजाम दिया. उन्होंने कहा कि फ्लैट की सभी छोटी मोटी समस्याओं को फ्लैट मालिकों द्वारा तूल दिया जाना आम बात हो गई है. फ्लैट मालिक समस्या को लेकर ना अधिकारिक तौर पर कमेटी की कोई मीटिंग करते हैं, ना ही कोई अधिकारिक वार्ता करते हैं. उन्होंने कहा कि किसी न किसी कारणवश सर्विस में कमी हो सकती है. लेकिन फ्लैट मालिक उन कारणों को मानने के लिए तैयार नहीं होते हैं. समय भी नहीं देना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि फ्लैट मालिक मौखिक रूप से अपनी मांगों को रखते हैं. जबकि उन्हें अधिकारिक रूप से सूचित करने को कहा गया है.

**विरोध** नदियों से हो रही अवैध बालू उठाव नहीं रोक पाई एनजीटी

# एमआईएम नेता ने खोला बालू माफियाओं के खिलाफ मोर्चा

**खास बातें**

- बालू माफियाओं ने नदी में 20 जेसीबी मशीनें उतारी
- नदी घाट पर एक हजार से ज्यादा ट्रकों को किया हायर



संवाददाता । आसनसोल

आसनसोल जामुड़िया थाना के अंतर्गत आने वाला चुरुलिया इलाका इन दिनों खूब चर्चा में है, चर्चा में इस लिये की इस इलाके में स्थित अजय नदी, टिराट, डामरा, रानीगंज, पाण्डेश्वर, जयदेव, बराकर जैसे कई बालू घाटों पर बालू माफिया अवैध रूप से जमकर बालू उठा रहे हैं. बालू उठाने के लिये बालू माफियाओं ने नदियों के बीचों-बीच एक दो नहीं बल्कि 20 जेसीबी मशीन उतार चुके हैं, कम समय में नदियों से ज्यादा से ज्यादा बालू उठाने की ललक में बालू माफियायों ने नदी घाट पर एक हजार से ज्यादा ट्रकों को हायर किया है, जो ट्रकें दिन रात नदी के घाटों से बालू की ढुलाई कर रही है, हम बताते चलें कि 10 जून को भू क्षरण रोकने, नदियों में बालू के जमा होने व पर्यावरण संरक्षण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नदी घाटों से तमाम घाटों के ठीकेदारों को 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक लगा दी है. हम बताते चलें कि नदियों का इको सिस्टम बनाये रखने के लिए मानसून के दौरान हर साल इस अवधि तक बालू के उठाव पर रोक रहती है. यह रोक देश के अन्य राज्यों में भी है. कुछ राज्य इसका पालन भी कर रहे हैं, लेकिन बंगाल में एनजीटी के आदेश को बालू माफिया खुलेआम चुनौती देते हुए उनके द्वारा बनाए गए नियमों व कानूनों को ताक पर रखकर नदियों से अवैध रूप से बालू उठाने का काम कर रहे हैं. ऐसे में एनजीटी के आदेशों को बालू माफियाओं द्वारा खुलेआम धज्जियाँ उड़ाते के मामले को देखते हुए चुरुलिया स्थित अजय नदी घाट में मीम नेता ने जोरदार मोर्चा खोलते हुए अजय नदी में ही अपने समर्थकों के साथ जल सत्याग्रह आंदोलन शुरू कर दिया है और जल धरने पर बैठ गए हैं. बालू माफियायों द्वारा भू क्षरण को रोकने, नदियों मे बालू के जमा होने व पर्यावरण संरक्षण की मांग कर रहे हैं. मीम नेता दानिश अजीज ने अपनी इस मांग के लिये पश्चिम बर्धमान के जिला शासक व आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर को भी लिखित शिकायत की है. वह जल सत्याग्रह के दौरान यह चेतावनी दी है कि अगर नदी घाट से जल्द से जल्द बालू उठाव का कार्य बंद नही हुआ तो वह अपना जल सत्याग्रह का आंदोलन और भी जोरदार रूप से करेंगे.

